Bareilly, Sunday,
12 October 2025
BAREILLY EDITION
Price ₹3.50/-
Pages 16

दैनिक जागरण inext

PAGE NO : 04 MIDDLE

# 'मानव जीवन के लिए लाभदायक एआई'

bareilly@inext.co.in

**BAREILLY (11 Oct):**फैकल्टी ऑफ मैनेजमेंट साइंस, श्रीराम मूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, द्वारा आयोजित द्विदिवसीय पंचम अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का आज समापन सैटरडे को समारोह हो गया. समारोह में मुख्य अतिथि धर्मेंद्र कुमार, प्लांट हेड, महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड, रुद्रपुर, उपस्थित रहे.ऑनलाइन मोड से मुख्य वक्ता डॉ. ताबिश आलम, वरिष्ट साइंटिस्ट, सेंट्रल बिल्डिंग रिसर्च इंस्टीट्यूट, आईआईटी, रूड़की सम्मिलित हुए, समापन समारोह में कॉन्फ्रेंस के संयोजक प्रो. सौरभ गुप्ता ने दो दिवसीय इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस की रिपोर्ट प्रस्तुत की और बताया कि कॉन्फ्रेंस में कुल 94 शोधपत्र प्रस्तुत किए गए.



अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी के समापन पर मौजूद डेलीगेट्स एवं स्टूडेंट्स .

## जीवन को बना रहा सफल

मुख्य अतिथि धर्मेंद्र कुमार ने कॉन्फ्रेंस थीम पर अपने महत्वपूर्ण विचार एवं भविष्य में एआई किस प्रकार मानव जीवन को सरल और अधिक उत्पादक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा. ऑनलाइन मोड से विशिष्ट अतिथि डॉ. ताबिश आलम वरिष्ठ वैज्ञानिक, सेंट्रल बिल्डिंग रिसर्च इंस्टीट्यूट, आईआईटी, रूड़की ने बताया कि हमअपने इन्फ्रास्ट्रक्चर को एआई से बेहतरीन बना सकते है. श्री राम मूर्ति स्मारक ट्रस्ट के सेकेट्री आदित्य मूर्ति ने एआई टूल्स, गवर्नेंस और सस्टेनेबल डेवलपमेंट जैसे विषयों पर अपने विचार साझा किए. इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस में कुल सात तकनीकी सत्र आयोजित किए गए.